मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-493
29/12/2019

मुख्यमंत्री ने राजधानी वाटिका के नये प्रवेश द्वार का किया उद्घाटन

- सचिवालय तालाब परिसर अब 'राजधानी जलाशय' के नाम से जाना जायेगा

पटना, 29 दिसम्बर 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने राजधानी वाटिका के नये प्रवेश द्वार का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने राजधानी वाटिका का भ्रमण किया तथा राजधानी वाटिका के संबंध में अधिकारियों के साथ विमर्श किया।

राजधानी वाटिका के नये प्रवेश द्वार के उद्घाटन के पश्चात मुख्यमंत्री ने सचिवालय तालाब परिसर का भ्रमण किया। मुख्यमंत्री ने सचिवालय तालाब का नामांकरण 'राजधानी जलाशय' के रूप में किया, आज से सचिवालय तालाब 'राजधानी जलाशय' के नाम से जाना जायेगा। भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री ने तालाब के पास सोलर पम्प लगाने, और वृक्ष लगाने के साथ–साथ राजधानी जलाशय परिसर के सौंदर्यीकरण के लिये अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। राजधानी जलाशय परिसर में सिर्फ बच्चों का प्रवेश होगा। बच्चों का प्रवेश भी ग्रुप में एवं प्रशिक्षित गाइड के साथ होगा। गाइड वन विभाग द्वारा प्रशिक्षित होंगे, जो बच्चों को पक्षियों, हरियाली एवं पर्यावरण से संबंधित विस्तृत जानकारी देंगे। इस परिसर में पक्षियों की कुछ विशेष प्रजाति को संरक्षित करने की व्यवस्था की गयी है।

भ्रमण के दौरान उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, भवन निर्माण मंत्री श्री अशोक चौधरी, विधान पार्षद श्री संजय कुमार सिंह उर्फ गॉधी जी, मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, पुलिस महानिदेशक श्री गुप्तेश्वर पाण्डेय, प्रधान सचिव वित्त श्री एस0 सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, प्रधान सचिव वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन श्री दीपक कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, जिलाधिकारी श्री कुमार रवि सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

******